नवभारत - 28/12/06

छत्तीसगढ़ स्तरीय कीर्तन प्रतियोगिता

दुर्ग. श्री गुरुसिंह सभा द्वारा स्थानीय गुरुद्वारा में छत्तीसगढ़ स्तरीय कीर्तन प्रतियोगिता का आयोजन गत दिवस किया गया. इस प्रतियोगिता में माध्यमिक शालाओं एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया. बिलासपुर, रायपुर, डोंगरगढ़ एवं दुर्ग-भिलाई के खालसा विद्यालयों के साथ-साथ विश्वदीप हायर सेकंडरी स्कूल दुर्ग, शंकराचार्य हायर सेकंडरी स्कूल हुडको, सनशाईन हायर सेकंडरी स्कूल दुर्ग, देहली पब्लिक स्कूल भिलाई के विद्यार्थियों ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया और पूरीतरह मर्यादित कीर्तन से उपस्थित श्रोताओं को प्रभावित किया. जूनियर समूह की प्रतियोगिता में माता सुंदरी स्कूल, रायपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि गुरु नानक हायर सेकंडरी स्कूल भिलाई एवं शंकराचार्य स्कूल हुडको ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया. सीनियर समूह में प्रथम स्थान गुरु नानक स्कूल, भिलाई ने प्राप्त किया. प्रसिद्ध संगीतज्ञ अश्विनी कुमार वर्मा एवं संगरुर पंजाब से आए ज्ञानी अवतार सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई. दोनों निर्णायकों ने अपने सम्बोधन में विश्वदीप स्कूल एवं श्री शंकराचार्य स्कूल के विद्यार्थियों का विशेष उल्लेख करते हुए विजयी प्रतियोगियों को बधाई दी. प्रतिभागी खालसा हाई स्कूल डोंगरगढ़, खालसा पब्लिक स्कूल रायपुर, खालसा पब्लिक स्कूल बिलासपुर की कीर्तन गायन भी प्रशंसनीय रहा. यह प्रतियोगिता गुरु गोविंद सिंह के चार मासूम पुत्रों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह एवं फतह सिंह के देश एवं हिन्दुत्व के लिये किये गये बलिदान की स्मृति में आयोजित की गई थी. ज्ञानी गहिल सिंह ने उपस्थित श्रोताओं को सम्बोधित किया. प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरण श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरबजीत सिंह दुलाई, राजिन्दर पाल सिंह भाटिया, दिलीप सिंह चावला, इकबाल सिंह भाटिया, किशन लाल अरोरा, छत्तीसगढ़ केन्द्रीय सिक्ख पंचायत के हरभजन सिंह लाल एवं अंतर सिंह सूरी ने किया.